दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, बुधवार 20 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रतिबंध के बावजूद होली में हो रही मुखौटों की बिक्री

रायपुर/भिलाई/दुर्ग (आरएनएस)। आपराधिक वारदातों एवं लूटमारी रोकने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुखौटे पहनने पर प्रतिबंध लगाया गया है। बावजूद इसके रायपुर भिलाई दुर्ग क्षेत्र में खुलेआम मुखौटों की बिक्री करते दुकानदार दिखाई दे रहे है। ज्ञातव्य है कि मुखौटों की आड़ में आपराधिक तत्व होली के समय किसी भी गंभीर वारदात को जन्म दे सकते है। वहीं युवतियों से होली के बहाने मुखौटा पहनकर छेड़छाड़ करने की संभावना से भी लोगों ने इंकार नहीं किया है।

### ट्रक ने बाईक सवार को कुचला, एक की मौत, एक घायल

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। इन दिनों बस्तर में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है। सड़कों में रफ्तार का कहर दुर्घटना बनकर बस्तर में बरस रहा है। कल देर रात दन्तेवाड़ा से बचेली मार्ग पर सातधार के पास अंधे मोड़ पर बाईक और दस चक्का ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी, जिसमें बाईक सवार चालक सुखराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं दूसरा सवार पापू गंभीर घायल बताया जा रहा है।

### 23 को छत्तीसगढ़ी भवन में छ.स.पा. की प्रदेश स्तरीय बैठक

रायपुर (आरएनएस)। राज्य आंदोलनकारी किसानों के लिए संघर्षकर्ता पंजीकृत क्षेत्रीय दल छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के लोकसभा चुनाव में भूमिका पर 23 मार्च को छत्तीसगढ़ी भवन हांडीपारा में प्रदेशस्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित है।

### जनता कांग्रेस-बसपा का गठबंधन टूटा! बसपा ने बिना चर्चा छग से 3 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए

रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का विधानसभा चुनाव में हुआ गठबंधन लोकसभा चुनाव में लगभग टूटने के कगार पर है। बसपा ने जनता कांग्रेस से बातचीत किए गए बिना छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

### मुठभेड़ में एक वर्दीधारी महिला नक्सली ढेर

**शव के साथ हथियार भी बरामद**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित राजनांदगांव जिले की सीमा एवं मध्यप्रदेश से सटे इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस ने एक महिला नक्सली को मार गिराया। राजनांदगांव रेंज आईजी हिमांशु गुप्ता ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ गातापार के जंगलों में चल रही है। एक घंटे से अधिक समय तक जारी रही मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया गया है। पुलिस ने उसका शव के साथ हथियार भी बरामद किया है।

### चुनाव सुरक्षा की कमान संभालने बस्तर पहुंची सुरक्षा बलों की 25 कंपनियां

जगदलपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। सोमवार को बाहर से करीब 25 कंपनियां बस्तर पहुंच गई हैं। इन कंपनियों को पहले से की गई प्लानिंग के हिसाब से तैनात किया जा रहा है।

### ढोल बजाने नहीं दिया तो पीट-पीट कर मार डाला

जगदलपुर (आरएनएस)। दरभा थाना क्षेत्र के मावलीपदर पंचायत के जोंदरागुड़ा में मामूली विवाद पर एक ग्रामीण ने दूसरे की पीट-पीट कर हत्या कर दी। कामानार चौकी प्रभारी विष्णु यादव ने बताया कि जोधरापारा निवासी कालूराम कश्यप पिता मंगलूराम अपने घर पर ही था तभी गांव का महादेव बघेल उसके घर पर ढोल बजाते हुए आया। उसके पीछे गांव का ही भीमा बघेल आया और महादेव से ढोल बजाने के लिए दो कहकर विवाद करने लगा। महादेव के ढोल नहीं देने पर भीमा नाराज हो गया और महादेव का गला दबाते हुए मारपीट करने लगा।

### देशी शराब की कीमत में 10 से 20 रूपए की अघोषित मूल्य वृद्धि

रायपुर-भिलाई (आरएनएस)। होली पर्व के मद्देनजर राजधानी रायपुर सहित दुर्ग जिले की शराब दुकानों में अचानक अघोषित शराब की कीमत में वृद्धि के बाद भी देशी शराब की खपत में कोई कमी नहीं आ रही है। उल्टे देशी शराब की खपत पिछले एक पखवाड़े में और ज्यादा बढ़ गई है। बताया जाता है कि शराब दुकानों में अध्धी की कीमत में 10 रूपए तथा बोतल में 20 रूपए की अघोषित मूल्य वृद्धि की गई है।

# बिलासपुर शिक्षा विभाग का नया कारनामा, मृत शिक्षक के नाम पर महीनों जारी किया गया वेतन

## मामला उजागर होने पर डीईओ ने कहा जांच के बाद दोषी पर होगी कारवाई

बिलासपुर (आरएनएस)। शिक्षा विभाग मे चाहे जो भी हो जाए कम ही होगा ताजा मामला बिलासपुर जिले का है, जहां एक शिक्षक की मौत के बाद शिक्षा विभाग के अफसरों ने उसकी मृतात्मा से स्कूल में पढ़ाई भी करवा डाली और बदले में उस मृतात्मा को महीनों तक वेतन भी दिया। अब जब भूतों को वेतन बांटने का खेल खुला तो अफसरों के हाथ पांव फूले हुए हैं। इस मामले में बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच कराने और दोषियों के खिलाफकार्रवाई की बात कही है।

मामला बिलासपुर के बिल्हा का है, जहां बिल्हा ब्लाक के शासकीय मीडिल




स्कूल मंगला पासीद में पदस्थ शिक्षक दीपक शर्मा की 5 महीने पहले मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु के बाद महीनों तक नियमित रूप से शिक्षक का वेतन भुगतान होता रहा। घटना का खुलासा तब हुआ, जब परिजनों द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन दिया गया।

अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर विभाग ने हैरत जतायी कि जीवित शिक्षक के लिए अनुकंपा की नियुक्ति का आवदेन कैसे किया जा रहा है, क्योंकि बीईओ के दस्तावेज में शिक्षक दीपक नियमित स्कूल भी आते थे और उनका वेतन भी निर्गत होता था, जबकि सच्चाई ये थी कि दीपक शर्मा की मृत्यु महीनों पहले हो चुकी थी। मामला उजागर हुआ इसके बाद विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय में हड़कम्प मच गया। आनन फानन मे शिक्षकों के परिजनों को बुलाकर जारी वेतन की रिकवरी की गई।

ये कोई पहला मामला नहीं है जब बिल्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय इस तरह की कारगुजारियों से बदनाम हुआ है, उससे पहले भी बिल्हा में महीनों गायब शिक्षाकर्मियों को नियमित रूप् से वेतन जारी होने के कई मामले उजागर हो चुके है। जानकारी के मुताबिक शिक्षक एलबी दीपक शर्मा का विगत सितम्बर माह में निधन हो गया, जिसके बाद प्रधान पाठक ने उसकी उपस्थिति भेजना बंद कर दिया लेकिन बीईओ आफिस के कुछ होनहार अधिकारी व कर्मचारी बिना उपस्थिति पंजी के ही वेतन जारी करते रहे। इस बीच मृत शिक्षक के परिजनों ने अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन दिया।

### सहायक संचालक एवं निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तिथि में हुआ बदलाव

**अब 26 अप्रैल को होंगी**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित खादी तथा ग्रामोंउद्योग विभाग के तहत दी गई रिक्ती की संख्या के अनुरुप निरीक्षक एवं सहायक संचालक पदों के लिए परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। उक्त पदों की परीक्षा लोक सभा चुनाव के मद्देनजर परिवर्तित की गई है। मंडल सूत्रों के अनुसार यह परीक्षा अब 26 अप्रैल को आयोजित की जायेगी।

## ग्रामीणों और बेजुबान जानवरों को बेदर्दी से मौत के मुंह सुला रहे नक्सली - आईजी

**ग्रामीण हितों की बात करने वाले नक्सलियों को अमानवीय चेहरा हुआ उजागर**

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने कहा कि माओवादियों जो निर्दोष ग्रामीणों की हित के लिए लड़ने की बात करते हैं, वे ही निर्दोष एवं भोले-भाले ग्रामीणों तथा बेजुबान जानवरों को बेदर्दी से मौत के मुंह में सुला रहे हैं। माओवादियों का असली अमानवीय चेहरा उजागर हो चुका है। ग्रामीणों को विकास एवं शांतिपूर्वक जीवन-यापन करने की जरूरत है न कि माओवादियों की।



प्रेस को जारी एक बयान में श्री सिंहा ने कहा कि माओवादियों की करतूतों से यह स्पष्ट हो चुका है कि वे ग्रामीणों का शोषण, अत्याचार करने एवं उनकी जान लेने के साथ-साथ क्षेत्र में अशांति एवं जन-जीवन को बर्बाद करने में तुले हुये हैं, ग्रामीणों के हितों से माओवादियों का कोई वास्ता नहीं है। वे अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए किसी भी हद को पार कर सकते हैं। अब ग्रामीणों को जागने का वक्त आ चुका है। उन्होंने बताया कि कल पुनः माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी से 01 निर्दोष बेजुबान गाय की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना जिला बीजापुर अंतर्गत थाना गंगालूर क्षेत्र के गंगालूर-बोरजे मार्ग में घटना घटित हुई।

## देश का अनूठा संसदीय क्षेत्र, जहां मतदान के लिए दो अलग-अलग समय निर्धारित

जगदलपुर (आरएनएस)। आगामी 11 अप्रैल को संसदीय चुनाव का आरंभ हो जायेगा और बस्तर संभाग के बस्तर संसदीय क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। यह ऐसा विशाल क्षेत्र है, जहां एक ही संसदीय क्षेत्र में मतदान संपन्न कराने दो विभिन्न समय का निर्धारण किया गया है। बस्तर संसदीय क्षेत्र संभाग के छह जिलों के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों को समेटे हुए हैं। यहां लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 11 अप्रैल को ही वोट डाले जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र में आने वाले आठ में से चार विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर और कोंडागांव में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक और दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक का समय मतदान के लिए निश्चित किया गया है। इस संबंध में आयोग की ओर से निश्चित किये गये मतदान के समय के अनुसार संसदीय क्षेत्र में कहीं आठ तो कहीं दस घंटे तक के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार झारखंड में भी एक ऐसा ही संसदीय क्षेत्र स्थित है। जहां मतदान के लिए दो अलग-अलग समय निर्धारित किए गए हैं।

इस संबंध में चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधीश बस्तर डॉ अय्याज तंबोली ने बस्तर संसदीय क्षेत्र के दक्षिण बस्तर में नक्सली प्रभाव और मध्य बस्तर में अपेक्षाकृत आंशिक प्रभाव होने की स्थिति को देखते हुए मतदान के समय को अलग-अलग निर्धारण करने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे आयोग ने स्वीकृत कर लिया।

### पुनीत गुप्ता ने पुलिस से मांगी एफआईआर की कॉपी

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के दामाद एवं डीकेएस अस्पताल के पूर्व अध्यक्ष डा. पुनीत गुप्ता ने अपने वकील के जरिए आज गोलबाजार थाना से अपने खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर की कॉपी मांगी है।

ज्ञात हो कि डीकेएस अस्पताल के अध्यक्ष द्वारा गोलबाजार थाने में डॉ. पुनीत गुप्ता के खिलाफ डीकेएस अस्पताल में अध्यक्ष पद पर रहते हुए करोड़ों की अनियमितता, धोखाधड़ी एवं दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

## लोकसभा चुनाव : छग में राहुल-प्रियंका गांधी की आमसभा कराने की तैयारी

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में आगे चल रहे कांग्रेस पार्टी ने चुनाव प्रचार के लिए बकायदा रोडमैप तैयार कर लिया है। यही नहीं कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची भी तैयार हो रही है, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की आमसभा कराने पर गंभीरता से विचार



किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करने कांग्रेस ने कमर कस ली है। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भी भाजपा से आगे चल रही है। कल कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस समन्वयक समिति और चुनाव प्रचार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के सभी 90 विधानसभा इलाकों को कव्हर करने तथाा व्यापक प्रचार की रणनीतियों पर मंथन किया गया। इधर पीसीसी सूत्रों की माने तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपने स्तर पर चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर चुका है।

### निलंबित कर्मचारी ने अब तक कार्यभार नहीं सौंपकर उच्चाधिकारियों के आदेशा का किया उलंघन

विकासनगर (आरएनएस)। नगर पालिका विकासनगर के सभासदों ने पालिका अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सभासदों ने कहा कि पालिका परिषद के तेल घोटाले में एक

कर्मचारी को निलंबित किया गया है। कहा कि कर्मचारी के निलंबन का एक माह से अधिक समय हो चुका है लेकिन कर्मचारी ने अब तक अपने कार्यभार व दायित्वों को दूसरे कर्मचारी को नहीं सौंपा है।

पालिका अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में नगर पालिका के सभासदों ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम के अनुसार निलंबन के तत्काल बाद कर्मचारी को अपना कार्यभार दूसरे कर्मचारी को सौंप देना चाहिए। कहा कि कर्मचारी पर भ्रष्टाचार व घोटाले का गंभीर आरोप है।

## इंटरनेट सेवा ठप होने से बैंकों का लेनदेन कार्य भी ठप

विकासनगर (आरएनएस)। इंटरनेट सेवा खराब होने के कारण सोमवार को साहिया में बैंकिंग सेवा पूरी तरह से ठप हो गयी है। दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बैंकों में कैश लेने व जमा करने आये। लेकिन इंटरनेट सेवा ठप होने के कारण बैंकों में लेनदेन पूरी तरह से ठप हो गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आये लोग एक बैंक से दूसरे बैंक का दिनभर चक्कर काटते रहे। बैंकों में




दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। लेकिन दिनभर लेनदेन का कार्य ठप रहने के कारण लोगों को देर सांय बिना लेनदेन के मायूस होकर अपने घरों को लौटना पड़ा। साहिया क्षेत्र में सोमवार सुबह से ही इंटरनेट सेवा पूरी तरह से ठप है। जिससे साहिया बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक व भारतीय स्टेट बैंक में कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से ग्रामीण बुजुर्ग महिलायें, पुरुष, युवक युवतियां बैंकों में किसान निधि के रुपये निकालने, विधवा, बुजुर्ग व विकलांग पेंशन लेने के अलावा बैंकों में रुपये जमा करने व अपने खातों से रुपये निकालने के लिए पहुंचे। खासकर होली के त्योहार पर अधिकांश लोग घर के आवश्यक खर्चों के लिए बैंकों में रुपये लेने आये। लेकिन इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण लोग बैंकों में लेनदेन नहीं कर पाये। सुबह से लेकर सांय तक लोग एक बैंक में लेनदेन न होने के कारण दूसरे बैंकों को दौड़ लगाते रहे।

## त्वचा पर लगाएं तरबूज का फेस मास्क, होंगे कई लाभ



गर्मी के मौसम में तरबूज आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। यह सिर्फ खाने के ही काम नहीं आता, बल्कि आप इसे अपनी त्वचा पर लगाकर कई तरह के लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तरबूज में प्राकृतिक एमिनो एसिड और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो आपकी त्वचा के लिये प्राकृतिक स्किन टोनर का काम करता है। इससे आपकी की रंगत निखरती है और नमी बरकरार रहती है। तरबूज में एंटी-ऑक्सीडेंट की प्रचुर मात्रा होती है जो सनबर्न को ठीक करने के लिए प्रभावशाली होते हैं। तरबूज का फेस मास्क बनाने के लिये तरबूज के टुकड़े ले कर बीज अलग कर के मैश कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। मिश्रण को एक साथ अच्छे से मिला लें और मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद ठंडे पानी से धो लें।

## तमन्ना भाटिया ने साइन कीं तमिल, तेलुगू फिल्में

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने दो नई फिल्में साइन की हैं। इनमें एक तमिल है और दूसरी तेलुगू।



वह हिट तेलुगू फ्रेंचाइज राजू गरी गाधी की तीसरी फिल्म में मुख्य नायिका के किरदार में होंगी जिसका निर्देशन ओमकार करेंगे। फिल्म की शूटिंग जून 2019 में शुरू होने की उम्मीद है।

फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 2015 में और दूसरी 2017 में रिलीज हुई थी। राजू गरी गाधी में समांथा अक्किनेनी और नागार्जुन अक्किनेनी थे।

अपने किरदार के बारे में तमन्ना ने कहा, यह एक महिला-केंद्रित किरदार है और कुछ ऐसा है जो 2019 के लिए मेरी क्रिएटिव विश लिस्ट में है। कहानी ने मुझे वास्तव में उत्साहित किया क्योंकि मैं दो अलग-अलग युगों के दो अलग-अलग किरदारों को निभा रही हूं। इसमें कई परते हैं और टाइम जोन्स के बीच यात्रा करना दिलचस्प होगा।

वहीं, तमिल फिल्म की बात करें तो वह एक बार फिर विशाल के अपोजिट नजर आएंगी। इसका निर्देशन एक नवोदित निर्देशक करेंगे।

अभिनेत्री ने कहा कि इसमें वह ग्रे शेड लिए किरदार में नजर आएंगी।

## आज के समय में साफ बात बोलना बहुत ही मुश्किल : सोहा अली खान

अभिनेत्री सोहा अली खान का कहना है कि आज के समय में सीधी साफ बात बोलना बहुत मुश्किल है क्योंकि अब सहनशीलता नहीं है, विशेषकर सोशल मीडिया जगत में। सोहा ने कहा, मुझे लगता है कि आज के वक्त में किसी के लिए भी साफ बोलना बहुत मुश्किल है। हम अभिव्यक्ति या भाषण का आजादी की बात तो करते हैं लेकिन जो लोग बोलते हैं, हम उनके प्रति सहनशीलता नहीं दिखाते..खासकर सोशल मीडिया पर क्योंकि आप देख



सकते हैं कि जब आप कुछ कहते हैं तो आप बहुत से लोगों के निशाने पर आ जाते हैं।

40 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि कई बार घृणा शब्दों के स्तर तक होती है लेकिन कभी-कभार यह बढ़कर क्रूरता में बदल जाती है। उन्होंने कहा, नफरत का प्रतिघात होता है। कभी-कभार यह शाब्दिक स्तर पर बना रहता है और कभी-कभार ये वास्तव में हिंसा में तब्दील हो जाता है, जिसके कारण लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ती है और परिणाम भुगतने पड़ते हैं। यह चिंता की बात है कि किसी को साफ बोलने से पहले दो बार सोचना पड़ता है, जो कि दुखद है।